आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 19.05.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- दक्षिण अंडमान ज़िले और मध्योत्तर अण्डमान जिले में आवासीय या वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों को किराए पर या परिसर को उप–किराए पर देने से पहले भू–मालिकों, मकान मालिकों और प्रबंधकों को ऐसे किराएदारों या पेइंग गेस्ट की जानकारी स्थानीय पुलिस स्टेशन पर देना अनिवार्य कर दिया गया है।
- प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहीद द्वीप में आज बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर और प्रसव पूर्व क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा।
- राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी देश को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- बम्बूफ्लाट पुलिस ने डेढ़ सौ ग्राम गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।
- द्वीपसमूह के कुछ भागों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अपराध की दरों में बढ़ोत्तरी और दक्षिण अंडमान ज़िले तथा मध्योत्तर अण्डमान जिले में असामाजिक तत्वों द्वारा आवासीय या वाणिज्यिक क्षेत्र में छुपने के प्रयासों तथा शांति भंग करने वाले लोगों पर लगाम लगाने के लिए ज़िला मजिस्ट्रेटों द्वारा किराएदारों की सत्यापन को अनिवार्य बनाया गया है। द्वीपवासियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित धाराओं के तहत यह आदेश जारी हुआ है। असामाजिक तत्वों द्वारा मानव जीवन के लिए खतरा बनने या सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने से पहले ऐसे तत्वों द्वारा किए जाने वाले कार्यों को रोकने के उद्देश्य से आदेश पारित किया गया है। ऐसे तत्वों पर नजर रखने के लिए मकान मालिकों, भू–मालिकों और ऐसे सभी आवासीय व वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों के मालिकों से कहा गया है कि वे अपने–अपने घरों या संस्थानों में नौकर रखने से पहले उनकी जानकारी स्थानीय पुलिस थाने को दें। इसके अलावा मकान मालिकों को अपने आवासीय परिसरों या घरों को स्वयं किराए पर देने या किसी अन्य पार्टी को किराए पर देने से पहले ऐसे लोगों या पेइंग गेस्ट की भी जानकारी लिखित में स्थानीय पुलिस थाने को देना होगा। यह आदेश कल से लागू

हो गया है और अगले साठ दिनों तक उन सभी मकान मालिकों पर लागू होगा, जिनके पास घरेलू नौकर या नौकरानी है और जिन्होंने अब तक पुलिस थाने में इसकी जानकारी नहीं दी है।

दक्षिण अंडमान ज़िला और मध्योत्तर अण्डमान जिला प्रशासन द्वारा यह आदेश इसलिए जारी किया गया है, ताकि असामाजिक तत्व के लोग सामान्य किराएदार, नौकर या पेइंग गेस्ट के रूप में नागरिकों को नुकसान न पहुंचा सके और तुरंत ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सी आर पी सी की धारा एक सौ चवालीस के तहत कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शहीद द्वीप में आज बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर और प्रसवपूर्व क्लिनिक का आयोजन किया जाएगा। गैर सरकारी संगठन विद यू तथा रितिका उपचार समाधान और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शिविर का स्थानीय जरूरतमंद लोग लाभ उठा सकते हैं। शिविर सुबह नौ बजे आरंभ होगा।

<><><><><><><>

राजभाषा सचिव डॉ. अनिल अग्रवाल ने कहा कि हिन्दी देश को संगठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे कल पोर्ट ब्लेयर के महाराष्ट्र मंडल में अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी शिक्षक और साहित्यकार सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हिन्दी के प्रचार प्रसार में इन द्वीपों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनका विभाग इसके लिए पूर्ण सहयोग देगा। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह जैसे दूरस्थ क्षेत्र में विभिन्न राज्यों से आए अलग–अलग बोली और भाषा के लोग हिन्दी के प्रचार–प्रसार मे अपना योगदान दे रहे हैं।

इस अवसर पर स्थानीय लोगों के अलावा महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए शिक्षकों व अन्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाराष्ट्र मंडल पोर्ट ब्लेयर द्वारा गोवा हिन्दी अकादमी के सहयोग से किया गया।

<><><><><><><>

बम्बूफ्लाट पुलिस ने डेढ़ सौ ग्राम गांजा के साथ तीन लोगों की गिरफ्तारी की है। पिछले दिनों पुलिस को यह सूचना मिली कि हरबाज़ अली नामक एक व्यक्ति गांजे को बम्बूफ्लाट मछली मार्केट के नजदीक बिक्री करने की ताक में है। सूचना के आधार पर बम्बूफ्लाट थाना प्रभारी रिजवान हसन और उनकी टीम ने मौके पर पहुंच कर आरोपी की तलाशी ली और उसके पास से गांजा जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने अभिनय उर्फ शान नामक व्यक्ति से गांजा की खरीद की। पुलिस ने अभिनय के प्रातरापुर निवास पर छापा मारकर अभिनय हवलादार और रूबन राज नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। बम्बूफ्लाट के एस डी पी ओ विनय माथुर की निगरानी और दक्षिण अंडमान ज़िला पुलिस अधीक्षक निहारिका भट्ट की देखरेख में यह गिरफ्तारी हुई।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा ड्राइवरों के कौशल विकास के लिए दो सप्ताह का टैक्टिकल ड्राइविंग पाठ्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस मुख्यालय के सम्मेलन कक्ष में हाल ही में आयोजित समापन समारोह में प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पुलिस महानिदेशक ने कहा कि इससे न सिर्फ पुलिस कर्मियों की क्षमताओं का विकास होता है, बल्कि पुलिस बल की संचालन दक्षता को मजबूती भी प्रदान करती है। उन्होंने पुलिस विभाग की ओर से अपने–अपने कर्तव्यों को अच्छी तरह से निभाने और सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। पुलिस महानिदेशक ने एन एस जी के महानिदेशक को पाठ्यक्रम के संचालन में सहयोग देने के लिए उनके प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने एन.एस.जी के प्रशिक्षुओं के प्रयासों की भी सराहना की।

<><><><><><><>

विश्व पर्यावरण दिवस मनाए जाने के सिलसिले में भारतीय प्राणी विज्ञान सर्वेक्षण की ओर से ऑनलाइन ड्रॉइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इच्छुक विद्यार्थी, शिक्षक या शोधकर्ता इक्कतीस मई तक दिए गए विषय पर जेड एस आई की मेल पर प्रविष्टियां जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर में दस से चौबीस जून तक सर्किट कोर्ट का आयोजन किया जाएगा। कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सभ्यासाची भट्टाचार्या और न्यायमूर्ति अजोय कुमार मुखर्जी मामलों की सुनवाई करेंगे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ भागों में वर्षा रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। अगले तीन दिनों के मौसम संबंधी पूर्वानुमान में बताया गया है कि द्वीपों के अधिकांश भागों में वर्षा होगी या गरज के साथ छींटे पड़ेंगे। बीस से बाईस मई तक निकोबार द्वीप के एकाध भागों में भारी वर्षा हो सकती है। कल तेज हवाएं चलने के कारण समुद्र काफी अशांत रहेगा। मछुआरों को बाईस मई तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। आज का अधिकतम तापमान चौंतीस डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान सत्ताईस डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

इस बीच आज सुबह से ही पोर्ट ब्लेयर और आसपास के क्षेत्रों में वर्षा हो रही है और आसमान में भी काले बादल छाए हुए हैं।

<><><><><><><>

डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में जी पी रेटिंग पाठ्यक्रम के लिए उम्मीदवारों के चयन के वास्ते सामान्य प्रवेश परीक्षा लिया जाएगा। तीन जून को सुबह दस बजे से लिखित परीक्षा और सात जून को सुबह नौ बजे और दिन में डेढ़ बजे दो पारियों में शारीरिक परीक्षा ली जाएगी। आवेदन फार्म इक्कतीस मई तक प्राप्त किए जा सकते हैं। उनतीस मई से एक जून तक हॉल टिकट दिए जाएंगे। प्रवेश के समय भारतीय पासपोर्ट का होना जरूरी है। अधिक जानकारी के लिए डीब्रेट के मैरीटाइम अनुभाग से उम्मीदवार दिए गए मोबाइल नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>